यूटीयू ने एमबीए और होटल मैनेजमेंट परीक्षा परिणाम जारी किया

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने मंगलवार से सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी करना शुरू कर दिया है। एमबीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमबीए इंटीग्रेटेड तृतीय सेमेस्टर व बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजी (बीएचएमसीटी) का परिणाम विवि के पोर्टल पर जारी कर दिया गया है। विवि के परीक्षा नियंत्रक डा.वीके पटेल ने बताया कि परीक्षा परिणाम के साथ आनलाइन उत्तर पुस्तिकाओं को भी प्रदर्शित किया गया है। ताकि छात्र-छात्राएं प्राप्तांक से संतुष्ट हो सकें। उन्होंने बताया कि अन्य पाठ्यक्रमों के परिणाम भी जल्द घोषित किए जाएंगे।(जासं)